## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक :22.03.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार बिष्णु पद रे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने के लिए हर थाने स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया है।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं।
- दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने जल आपूर्तिकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे भूजल निकालने के लिए बने नियम–कानूनों का पालन करें।
- पोर्ट ब्लेयर में अगले महीने की एक तारीख से सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार और तीन बार के पूर्व सांसद बिष्णु पद रे ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नाम से कुल चार नामांकन पत्र दाखिल किया गया। नामांकन पत्र दाखिल करते समय जरूरी दिशा–निर्देशों का भी पालन हुआ। नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले प्रदेश भाजपा मुख्यालय मिडिल प्वाइंट से विशाल जुलूस निकाली गई। यह जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकली। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी के साथ पार्टी के अन्य नेता भी इसमें शामिल हुए। नामांकन दाखिल करने के दौरान निकाले गए जुलूस से यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए पुलिस की ओर से भी व्यापक बंदोबस्त किए गए थे।

<><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाया गया है और इसके लिए हर थाने स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया है। मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक गीतांजलि खंडेलवाल

ने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद हमने अपने गुप्तचर तंत्र को और सक्रिय तथा सुदृढ़ बनाया है।

**बाईट–गीतांजलि–47 से0**

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से कराने तथा मतदाताओं के बीच आत्मविश्वास उत्पन्न करने के लिए पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं। मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक विभिन्न थाना अधिकारियों के साथ लगातार विभिन्न मतदान केन्द्रों का दौरा कर रहे हैं। संवेदनशील और अन्य दूर–दराज के मतदान केन्द्रों का दौरा कर सुरक्षा पहलुओं की जांच कर रहे हैं। ज़िले में सुरक्षा को मजबूती देने के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल की तैनाती की गई है और फ्लैग मार्च का भी आयोजन किया जा रहा है। सभी पुलिस कर्मियों को असामाजिक तत्वों और गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखने को कहा गया है तथा अफवाहों से बचने के लिए लोगों के बीच जागरूकता भी उत्पन्न किया जा रहा है।

उधर, डिगलीपुर में स्वीप गतिविधियां आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन कार्यालय की ओर से आज डिगलीपुर के प्रशासनिक भवन से एरियल बे तक और वापसी तक नौ किलोमीटर बाईक रैली निकाली गई। कल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से रैली निकाली गई।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान क्षेत्र में बिना वाटर मीटर स्थापित किए बड़ी मात्रा में पानी निकालने वाले कम्पनियों के परिसरों में छापेमारी की गई है। इस अभियान के दौरान यह पाया गया कि कम्पनियां बिना वाटर मीटर स्थापित किए पानी निकाल रहे थे। ऐसे सभी कम्पनियों को चेतावनी देते हुए उन्हें वाटर मीटर लगाए जाने तक टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति न करने का निर्देश दिया गया है। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने ऐसे सभी जल आपूर्तिकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे भूजल निकालने के लिए बने नियम–कानूनों का पालन करें। पेयजल के अलावा किसी अन्य कार्यों के लिए भूजल निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ये अनुमति इस उद्देश्य के लिए गठित परामर्श समिति के साथ परामर्श करने के बाद प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ही प्रदान की जाएगी। ज़िला उपायुक्त ने कहा कि द्वीपों में अवैध तरीके से भूजल निकाले जाने के कारण पानी की समस्या का हमने सामना किया है। उन्होंने थोक जल आपूर्तिकर्ताओं से केन्द्रीय भूजल

एजेंसी के पास अपने आप को अनिवार्य रूप से पंजीकृत कराने को कहा। भूजल प्राधिकरण के साथ पंजीकरण के लिए एन ओ सी प्राप्त करने के वास्ते दिए गए लिंक पर आवेदन करना होगा।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा इस महीने के आखिर में अपने सभी गोदामों और सार्वजनिक वितरण केन्द्रों में वार्षिक जांच का कार्य किया जाएगा। इस कारण पच्चीस मार्च से इक्कतीस मार्च तक सभी प्रकार के लेन–देन बंद रहेंगे।

उधर, खादी ग्रामोद्योग भवन स्टॉक जांच का कार्य किए जाने के चलते छब्बीस से इक्कतीस मार्च तक बंद रहेगा।

इस बीच, वार्षिक जांच का कार्य किए जाने की वजह से अनिडको की रिटेल आउटलेट इक्कतीस मार्च को बंद रहेगी। जंगलीघाट स्थित अनिडको पेट्रोल पम्प रात्रि नौ बजे से, बाहरी द्वीपों के अनिडको पेट्रोल पम्प दिन में दो बजे से और अनिडको की शराब दुकान दिन में बारह बजे से बंद रहेगी।

<><><><><><><>

होपटाउन स्थित मुत्थु मारियमन मंदिर में कल से वार्षिक पंगुनी पोंगल समारोह का आयोजन किया जाएगा। कल शाम साढ़े चार बजे ओम शक्ति विनायगर मंदिर से शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो होपटाउन मंदिर में आकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय केन्द्र में पांडिचेरी विश्वविद्यालय की सेमिस्टर परीक्षा मई में आयोजित होगी। पूर्व विद्यार्थी जिनका ऐरियर पेपर बकाया है उन्हें आठ अप्रैल तक परीक्षा फार्म जमा करने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए कॉलेज के परीक्षा अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में अगले महीने की एक तारीख से लेकर पन्द्रह तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति देबांगशु बसाक और न्यायमूर्ति बिभाष रंजन डे मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

मिनी बे के डी एंड के सिटी के पास आज एक निजी मकान में आग लग गई। आग की लपटें काफी तेज थी और इसे बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। खबर मिलते ही अग्निशमन मुख्यालय से पांच गाड़ियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के नजदीक जरूरी रखरखाव का कार्य किए जाने की वजह से कल इस क्षेत्र के आस–पास के कुछ भाग में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दिन में बारह बजे तक होगी।

उधर, कल सुबह आठ बजे से दिन में बारह बजे तक दक्षिण अंडमान के शोलबे और फरारगंज फीडर के अलावा पैनल पांच में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम. वी कैम्पबेल बे कल दिन में ग्यारह बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में साढ़े तीन सौ से अधिक यात्री सवार है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से हाल ही में पहली अंका चेस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय रेटिंगधारक फीडे रेटेड खिलाड़ियों के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल सत्रह खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में आर. कस्तुरी बाई ने पहला, जे एस विराट ने दूसरा और डी. श्रेष्ठ विजय ने तीसरा स्थान हासिल किया।

<><><><><><><>